an>

Title: Regarding non-payment of insurance premium by farmers of Jalaun Parliamentary Constituency affected by the recent hailstorm.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : धन्यवाद अध्यक्ष महोदया। मेरे संसदीय क्षेत्र में वर्ष 2015 में बेमौसम वर्षा की वजह से किसानों की स्थिति बहुत खराब है। साथ ही, वहां पर जो बैंक्स हैं, उन्होंने किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड्स से छः प्रतिशत के हिसाब से पैसा निकाल लिया है। वहां पर इलाहाबाद बैंक लीड बैंक है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इलाहाबाद ग्रामीण बैंक आदि अन्य बैंकों ने किसानों के केसीसी कार्ड से पैसा निकालने के बाद प्रीमियम का सारा पैसा आईसीआईसीआई बैंक के साथ लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी में भेजा गया है। किसानों के खातों में अभी भी पैसा नहीं आया है और उस कंपनी का कहना है समय से इन बैंकों ने पैसा नहीं दिया है, इसलिए यह पैसा किसानों के खाते में नहीं भेजा जा सकता है।

इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जो बैंकों ने समय से प्रीमियम लेने के बाद समय से बीमा कंपनियों को पैसा नहीं भेजा है, उसकी जांच कराई जाए। जांच कराने पर जो दोषी पाया जाए, चाहे कंपनी दोषी हो या बैंक हो, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। किसानों को जो बीमा का पैसा मिलना चाहिए, वह दिलाया जाए। ऐसी 160 ग्रामसभाएं हैं, जिनमें लगभग 12000 किसान हैं, उनको इसका लाभ मिले।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

श्री पी.पी.चौधरी को श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।